प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

27 मई 2022

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड (एसजीबी) योजना के तहत समय-पूर्व मोचन –
30 मई 2022 को देय समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य
(एसजीबी 2015 की शृंखला I)

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) योजना पर भारत सरकार की दिनांक 30 अक्तूबर 2015 की अधिसूचना एफ.सं.4(19)-डब्ल्यूएंडएम/2014 (एसजीबी 2015, शृंखला I - जारी करने की तारीख 30 नवंबर 2015) के अनुसार, स्वर्ण बॉण्ड के जारी होने की तारीख, जिस तारीख से ब्याज देय है, से पांच वर्ष के बाद समय-पूर्व मोचन की अनुमति दी जा सकती है। तद्नुसार, उपरोक्त शृंखला के समय-पूर्व मोचन की अगली देय तिथि 30 मई 2022 होगी।

2. इसके अलावा, एसजीबी का मोचन मूल्य, मोचन की तारीख से पहले के सप्ताह (सोमवार-शुक्रवार) के 999 शुद्धता [इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (आईबीजेए) द्वारा प्रकाशित] के साधारण औसत समापन स्वर्ण मूल्य पर आधारित होगा। तद्नुसार, 30 मई 2022 को देय चतुर्थ समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य रु. 5119/- (पांच हजार एक सौ उन्नीस रुपये मात्र) प्रति एसजीबी यूनिट होगा जो 23-27 मई 2022 सप्ताह के लिए साधारण औसत समापन स्वर्ण मूल्य पर आधारित होगा।

रूपांबरा
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/279